:सूचना:

नोटेरी पब्लिक के 800 नवीन पदों पर क्षेत्रवार नियुक्ति हेतु राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना क्रमांक प. 20(3) न्याय/2011, दिनांक 06.09.2016 जारी की गई थी। आवेदन प्राप्ति हेतु नियत तिथि एवं समय 23.09.2016, 6.00 P.M. के पश्चात् इस विभाग को प्राप्त आवेदन पत्रों पर निर्देशानुसार कोई विचार नहीं किया गया है तथा मूण्डौता (तहसील आमेर तक) जिला जयपुर, दूदू जिला जयपुर, झंवर (तहसील लूणी तक) जिला जोधपुर, बरनाला (तहसील बामनबास तक) जिला सवाई माधोपुर तथा भांवरा जिला सवाई माधोपुर स्थानों से नोटेरी पब्लिक की नियुक्ति हेतु अधिसूचना के अन्तिम दिनांक यथा 23.09.2016 तक एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। अधिसूचना दिनांक 06.09.2016 के अधीन यथा समय प्राप्त एवं पूर्ण पाये गये आवेदनों से संबंधित नोटेरी पब्लिक की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के पश्चात् उक्त स्थानों पर नये आवेदन पत्र मांगने हेतु पृथक से अधिसूचना जारी की जाएगी।